लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान
तेजपुर:असम: पिन:784001
**LGB REGIONAL INSTITUTE OF MENTAL HEALTH**
**(Govt. of India, Ministry of Health & Family Welfare)**
**Post Box No. 15: Fax No. (03712) 233623**
**TEZPUR :: 784001 :: ASSAM**

सं. LGB/Estt/1675/09/0089 दिनांक 04 जनवरी 2022

**विज्ञापन संख्या-02/2022**

भारतीय नागरिकों को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (NMHP) के अंतर्गत संविदात्मक आधार पर नीचे दिए गए पदों पर भर्ती हेतु निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आवेदन 20.01.2022 तक पहुँच जाना चाहिए।

| क्र. सं. | पद | विशेषज्ञता | पदों की संख्या | समेकित वेतन | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राध्यापक | मनश्चिकित्सा | 1 | 75000.00 रु नियत वेतन | 50 |
| 2 | सह-प्राध्यापक | मनश्चिकित्सा | 1 | 65000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 3 | सहायक प्राध्यापक | मनश्चिकित्सा | 1 | 55000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 4 | सह-प्राध्यापक | मानश्चिकित्सकीय सामाजिक कार्य | 1 | 55000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 5 | सह-प्राध्यापक | नैदानिक मनोविज्ञान | 1 | 55000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 6 | सह-प्राध्यापक | मानश्चिकित्सकीय नर्सिंग | 1 | 55000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 7 | सहायक प्राध्यापक | मानश्चिकित्सकीय सामाजिक कार्य | 1 | 45000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 8 | सहायक प्राध्यापक | नैदानिक मनोविज्ञान | 1 | 45000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 9 | सहायक प्राध्यापक | मानश्चिकित्सकीय नर्सिंग | 1 | 45000.00 रु नियत वेतन | 45 |
| 10 | मानश्चिकित्सकीय सामाजिक कार्यकर्ता | मानश्चिकित्सकीय सामाजिक कार्य | 2 | 30000.00 रु नियत वेतन | 35 |
| 11 | नैदानिक मनोविज्ञानी | नैदानिक मनोविज्ञान | 4 | 30000.00 रु नियत वेतन | 35 |
| 12 | नर्सिंग अनुशिक्षक | मानश्चिकित्सकीय नर्सिंग | 1 | 25000.00 रु नियत वेतन | 35 |

चिकित्सकीय पद

**क्रम सं. 1 से 3 के लिए अनिवार्य अर्हता :-** (i) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम (IMC), 1956 के प्रथम या द्वितीय अनुच्छेद अथवा तृतीय अनुच्छेद के भाग-II (अनुज्ञप्ति धारक अर्हता के अलावा) शामिल एक मान्यता प्राप्त चिकित्सकीय अर्हता (ii) तृतीय अनुच्छेद के भाग-II के शामिल शैक्षणिक अर्हता रखने वालों को भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम,1956 के अनुभव 13 के उप-अनुभाग (3) में नियत शर्तों को भी पूरा करना चाहिए (iii) अनुच्छेद vi के अनुभाग A में वर्णित संबंधित विशेषज्ञता में स्नातकोतर अथवा समकक्ष।

**प्राध्यापक हेतु अनिवार्य अनुभव (क्र. सं. 1)-** स्नातकोतर डिग्री की अर्हता के पश्चात किसी चिकित्सा महाविद्यालय / शिक्षण संस्थान में चिकित्सकीय कार्यों में 12 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम 4 वर्षों तक संबंधित विशेषज्ञता के क्षेत्र में सह-प्राध्यापक के रूप में कार्य करने का अनुभव। व्यापक प्रायोगिक एवं प्रशासनिक अनुभव।

**सह-प्राध्यापक हेतु अनिवार्य अनुभव (क्र. सं. 2)** – स्नातकोतर डिग्री की अर्हता के पश्चात किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में संबंधित विशेषज्ञता में अनुशिक्षक / प्रस्तोता / वरिष्ठ रेजिडेंट / कुलसचिव / व्याख्याता के रूप में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव जिसमें से कम से कम दो वर्ष का सहायक प्राध्यापक के रूप मे अनुभव।

**सहायक प्राध्यापक के लिए अनिवार्य अनुभव (क्र. सं. 3)** - स्नातकोतर डिग्री की अर्हता के पश्चात किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में संबंधित विशेषज्ञता में व्याख्याता / अनुशिक्षक / कुलसचिव / प्रस्तोता / वरिष्ठ रेजिडेंट के रूप में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव।

**गैर -चिकित्सकीय पद:**

**क्र. सं. 4 से 9 के लिए अनिवार्य अर्हता** (i) नैदानिक मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / मानश्चिकित्सकीय नर्सिंग में स्नातकोतर डिग्री (ii) नैदानिक मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / मानश्चिकित्सकीय नर्सिंग में मान्यता प्राप्त एम. फिल. डिग्री (iii) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान / विश्वविद्यालय से नैदानिक मनोविज्ञान / सामाजिक कार्य / मानश्चिकित्सकीय नर्सिंग में पी. एचडी.।

**सह-प्राध्यापक के लिए अनिवार्य अनुभव (क्र. सं. 4 से 6):** शिक्षण / शोध में कम से कम 5 वर्षों का अनुभव जिसमें से सहायक प्राध्यापक के रूप में 2 वर्षों का अनुभव।

**सहायक प्राध्यापक के लिए अनिवार्य अनुभव (क्र. सं. 7 से 9):** पी. एचडी. के पश्चात शिक्षण / शोध में कम से कम 3 वर्षों का अनुभव।

**क्र. सं. 10 के लिए अनिवार्य अर्हता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित विषय में 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से संबंधित विषय में एम.फिल (2 वर्षीय पाठ्यक्रम)। किसी मानसिक चिकित्सालय/बाल मार्गदर्शन क्लिनिक या किसी साधारण चिकित्सालय/मान्यता प्राप्त से शिक्षण और शोध में 2 वर्षों का अनुभव।

**क्र. सं. 11 के लिए अनिवार्य अर्हता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से संबंधित विषय में 55% अंको के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री। किसी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान से संबंधित विषय में एम.फिल (2 वर्षीय पाठ्यक्रम)। किसी मानसिक चिकित्सालय/बाल मार्गदर्शन क्लिनिक या किसी साधारण चिकित्सालय/मान्यता प्राप्त से शिक्षण और शोध में 2 वर्षों का अनुभव।

**क्र. सं. 12 के लिए अनिवार्य अर्हता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से मनश्चिकित्सकीय नर्सिंग में स्नातकोत्तर की डिग्री। केंद्र या राज्य नर्सिंग परिषद से नर्स या मिडवाइफ के रूप में पंजीकरण। वांछनीय: किसी मानसिक चिकित्सालय या मनश्चिकित्सकीय विभाग या किसी साधारण चिकित्सालय/ मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में स्नातकोत्तर पश्चात 2 वर्षों का शिक्षण और शोध अनुभव। अनुक्रमित पत्रिकाओं में शोध/प्रकाशित कार्य।

ऊपर अलिखित पदों हेतु संविदात्मक नियुक्ति के लिए नियम और शर्तों का विवरण निम्नलिखित है:

<u>संविदा नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्तों</u>

1. नियुक्ति 03 महीनों के लिए पूरी तरह से संविदा आधार पर है जो कि नियुक्ति की तारीख से प्रभावी होगा। नियुक्ति को संस्थान के कार्यात्मक जरूरतों के आधार पर और आगे बढ़ाया जा सकता है, या तब तक जब तक कि इसके लिए नियमित नियुक्ति, जो भी पहले हो, नहीं हो जाती। नियुक्त व्यक्ति द्वारा एक महीने का नोटिस देकर या एक महीने के पारिश्रमिक का भुगतान करके या सक्षम प्राधिकारी के समक्ष संतोषजनक तीन महीने का कार्यकाल पूरा करने में असफल होने पर नियुक्ति को किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है। हालाकि सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए तत्काल सेवा समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. नियुक्त व्यक्ति उसे सौपे गए कर्तव्यों का पालन करेगा/करेगी। सक्षम प्राधिकारी उसे आवश्यकता पढ़ने पर कोई भी कर्तव्य सौपने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इन सौंपे गए कार्यों के लिए अलग से/अतिरिक्त कोई भी भत्ता प्रदान नहीं किया जाएगा।
3. नियुक्त व्यक्ति किसी प्रकार के अन्य लाभ जैसे भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेच्युटी, चिकित्सा उपचार, वरिष्ठता, प्रोन्नति इत्यादि अथवा नियमित आधार पर नियुक्त सरकारी कर्मचारी को उपलब्ध लाभ के लिए पात्र नही होगा।
4. नियुक्त व्यक्ति एलजीबीआरआईएमएच में किसी भी पद पर नियमित नियुक्ति का दवा या अधिकार नहीं करेगा।

5. नियुक्त व्यक्ति एलजीबीआरआईएमएच में पूर्णकालीन नियुक्ति पर होगा और संविदा काल के दौरान किसी भी प्रकार के अन्य काम, भुगतान या अन्य और निजी अभ्यास में खुद को व्यस्त नही करेगा।
6. नियुक्ति पर, नियुक्त व्यक्ति को भारत के संविधान के प्रति एक निष्ठा की शपथ लेनी होगी अथवा निर्धारित प्रपत्र में सत्यपनिष्ठ की प्रतिज्ञा करनी होगा। साथ ही उन्हें समझौता विलेख पर हस्ताक्षर करना होगा।
7. सेवा की अन्य शर्तें समय-समय पर जारी प्रासंगिक नियमों एवं आदेशों द्वारा शासित होंगें।
8. यदि आप अपने द्वारा दी गई घोषणा या जानकारी को जानबूझकर छिपाते है तो आप सेवा से निकाले जाने और अन्य कार्रवाई किए जाने के लिए उत्तरदायी होंगें, जो सरकार आवश्यक समझ सकती है।
9. यदि कोई अभ्यर्थी अपनी नियुक्ति के लिए कैनवासिंग करते हुए पाया जाता है वह चयन के लिए अयोग्य कर दिया जाएगा / जाएगी।
10. निर्धारित प्रारूप में आवेदन को Director, LGBRIMH, Tezpur के पक्ष में 100/- रुपए के बैंक ड्राफ्ट और सभी प्रमाणपत्रों की अभिप्रमाणित प्रतियों/एक पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ प्रशासनिक पदाधिकारी, एलजीबीआरआईएमएच, तेजपुर – 784001 के पते पर भेजें जो कि 20.01.2022 तक कार्यालयी समय के भीतर पहुँच जाना चाहिए। आवेदन के लिफाफे पर ऊपर स्पष्ट शब्दों में "--------------------- के पद के लिए आवेदन" लिखा होना चाहिए।
11. आवेदन प्रपत्र को हमारे वेबसाइट www.lgbrimh.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।
12. अधिसूचना में कोई भी भूल-सुधार/परिशिष्ट/परिवर्तन आदि को केवल संस्थान के वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। इस संबंध में अलग से कोई प्रेस विज्ञप्ति/अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी।
13. एलजीबीआरआईएमएच रिक्त पदों की संख्या को बढ़ानें और घटाने का अधिकार आरक्षित रखता है।
14. उम्मीदवारों के चयन के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीँ किया जाएगा।
15. सांकेतिक रिक्तियों की संख्या अनंतिम है और बिना किसी सूचना के परिवर्तन के अधीन है।
16. आयु, अर्हता, अनुभव, जाति प्रमाणपत्र आदि के संदर्व में योग्यता निर्धारित करने हेतु और अन्य सभी नियम एवं शर्तों के लिए।
17. चयनित उम्मीदवारों से नियुक्ति ऑफर के अगले संचार के उपरांत एलजीबीआरआईएमएच में पद पर तुरंत कार्यभार ग्रहण करने की अपेक्षा की जाती है। कार्यग्रहण करने की तिथि में विस्तार के किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नही किया जाएगा।
18. आवश्यक / मांगे गए दस्तावेजों की मूल प्रति नहीं रखने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
19. चयन परिणाम को एलजीबीआरआईएमएच के वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा। उम्मीदवारों को व्यक्तिगत तौर पर कोई सूचना नहीं दी जाएगी।
20. इस मामले के संबंध में सभी सूचना, भूल-सुधार, स्पष्टीकरण एलजीबीआरआईएमएच वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। आवेदकों सलाह दी जाती है कि वो किसी भी अद्यतन के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखे।

निदेशक
एलजीबीआरआईएमएच